हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 8 अगस्त 2025
[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 इधर पुलिस ने दो चोर पकड़े, उधर अन्य चोरों ने दो ...


07 'जल्दी ही सिरोंज बने जिला और जिले की...


## विदिशा नगर पालिका के तीन साल बेमिशाल

### सुंदर, स्वच्छ, सुव्यवस्थित बने शहर

# गंदे नाले से मुक्त होगी बेतवा: 3 करोड़ की लागत से विदिशा नगर पालिका लगा रही एसटीपी प्लांट

हमारे शहर विदिशा को सुंदर स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने विदिशा नगरपालिका लगातार काम कर रही है। पिछले तीन वर्षों में करोड़ों रुपए के विकास कार्य नगरपालिका करा चुकी है और आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण कार्य कराए जाना है। जिससे हमारा शहर विदिशा अन्य बड़े शहरों की तरह ही प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना सके। बारिश गुजरने के बाद शहर की खराब सड़कों को युद्धस्तर पर सुधारने के लिए भी नपा ने प्लान तैयार किया है। पूरे शहर की सड़कें आने वाले समय में बड़े शहरों की तरह ही चकाचक नजर आएंगी। इसके लिए नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा लगातार प्रयास भी कर रही हैं।

चोर घाट नाले से बहकर बेतवा में मिलने वाले शहर के गंदे पानी को साफ करके बेतवा में बहाया जाएगा। इसके लिए 3 करोड़ रुपए की लागत से एसटीपी प्लांट लगाया जा रहा है। इससे बेतवा में मिलने वाले सीवेज से मुक्ति मिलेगी और पानी को दूषित होने से बचाया जा सकेगा। एसटीपी प्लांट से शहर के गंदे पानी को ट्रीटमेंट कर साफ करने के बाद ही बेतवा में छोड़ा जाएगा।


विदिशा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा व वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश शर्मा।

विदिशा नगर के विकास के लिए नगरपालिका अध्यक्ष ने कोई कसर नहीं छोड़ी। नपा के कार्यकाल की शुरूआत में उन्होंने तत्कालीन कैबिनेट मंत्री नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात कर चर्चा की।



## शहरवासियों की आस्था का ध्यान रखा, जो कोई न कर सका उसे करने की इच्छा शक्ति और आत्मविश्वास नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगरपालिका विदिशा की अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के अध्यक्ष बनने के तीन वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इनके कार्यकाल की बात की जाए तो निकाय की कार्यप्रणाली और शहर के ढांचागत विकास में कई उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।

इसके अलावा तमाम कार्य प्रगति पर हैं तो योजनाओं के प्रस्ताव भी कम नहीं हैं। शहर की सबसे बड़ी समस्या बेतवा में मिलने वाले गंदे पानी की मां बेतवा की पुरानी समस्या है। लेकिन कभी भी किसी ने इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया। चोरघाट नाले के माध्यम से शहर का गंदा पानी बेतवा के रामघाट और बहराबाबा घाट के बीच में जाकर बेतवा के पानी को दूषित कर रहा है।


विदिशा। पुण्य सलीला जीवनदायनी बेतवा नदी के प्राचीन तटों पर पूजा अर्चना करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष।

ये बेतवा के प्राचीन घाट होने के साथ शहरवासियों की आस्था के केंद्र भी हैं। रामघाट, बहराबाबा घाट, महलघाट, बड़वाले घाट से लेकर चरणतीर्थ के घाट दूषित हो जाते हैं। चोरघाट नाले के दूषित पानी से बेतवा का निर्मल नीर स्नान करना तो आचमन करना तो दूर स्नान योग्य भी नहीं बचता है। इससे बेतवा पर स्नान करने वाले नियमित श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती हैं। इसके बावजूद किसी ने ध्यान नहीं दिया। बेतवा बाबा के नाम मशहूर रहे स्वर्गीय पंडित मदनलाल शर्मा ने जीवनभर चोरघाट नाले को बंद कराने संघर्ष किया लेकिन आज यह साकार हो रहा है।

**शहर की सबसे बड़ी समस्या बेतवा में मिलने वाले गंदे पानी की शहर की पुरानी समस्या दूर होगी।**


विदिशा। शहर विकास के विभिन्न मुद्दों पर पार्षदों और शहर के गणमान्य नागरिकों से चर्चा करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा।


विदिशा। कार्यक्रमों के दौरान विभिन्न हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए कलेक्टर, जनप्रतिनिधि व नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा।

### यह कार्य योजना में शामिल किए हैं

**1**

पुरानी नगरपालिका कार्यालय भवन की जगह वाहन पार्किंग बनाई जा रही है। इससे मेन मार्केट में सुव्यवस्थित पार्किंग मिलेगी और बाजार में सड़कों पर खड़े रहने वाले वाहनों को नई जगह मिलेगी। इससे शहर के व्यापारियों को उनके व्यापार संचालन में बहुत फायदा होगा।

**2**


विदिशा शहर में दवा बाजार बनाया जाना प्रस्तावित है। इससे विदिशा शहर को दवा बाजार से एक नई पहचान मिलेगी। कई लोगों को दवा व्यापार से रोजगार मिलेगा। व्यापारियों की मांग को प्रथमिकता देते हुए नपा ने इस काम को प्रमुखता से लेते हुए व्यापारियों के हित में यह निर्णय लिया। इस प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाने के लिए के भी नपा अध्यक्ष द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**3**

पीपीपी मोड पर बसस्टैंड का संचालन करने की योजना नपा द्वारा बनाई गई है। बसस्टैंड को एक नई पहचान मिलने के साथ यात्रियों और बस संचालकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा सकेंगी।

## व्यापारियों के लिए शॉपिंग कॉम्पलेक्स

**1** बसस्टेंड स्थित संजय शॉपिंग कॉपलेक्स की ऊपरी मंजिल पर मार्केट बनाया गया। संजय शॉपिंग कॉपलेक्स में 67 दुकानें बनाई जा रही हैं।


विदिशा। स्कूल और आंगनबाड़ियों में पहुंचकर भी हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया।

**2** अटल पार्क के पास अटल मार्केट बनाकर रोजगार देने का प्रयास किया। अटल मार्केट में 46 दुकानें बन रहीं हैं।


विदिशा। जतरापुरा में बने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को जब पानी की परेशानी हुई तो नपाध्यक्ष ने स्वयं पहुंचकर जल व्यवस्था दुरुस्त कराई थी।

## 7 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कर बच्चों को दिया बेहतर वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

3 साल के दौरान नगरपालिका द्वारा सात आंनगबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया गया। जिससे अब नन्हे मुन्ने बच्चों को अच्छा वातावरण मिल रहा है। खास बात यह है कि पिछड़े क्षेत्रों में जहां आंगनबाड़ियों में बच्चों की संख्या अधिक थी और इन स्थानों पर गरीब तबके के लोग निवास करते थे।

ऐसे स्थानों पर प्राथमिकता के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया गया। जिसमें करैयाखेड़ा रोड़ वार्ड नंबर 34 में 9.50 लाख रुपए की लागत से नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया गया। वहीं जेल रोड़ वार्ड नंबर 28 में नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्ण कर



हैडओवर किया गया। इसी तरह भगत सिंह कॉलोनी वार्डं न्रबर 10, खाम बाबा परिसर, कृषि यांत्रिकीय परिसर लुहांगी वार्ड नंबर 33 तमोईया और महलघाट रोड पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण नगरपालिका द्वारा कराया गया। उच्च गुणवत्ता के साथ ही इन केंद्रों को व्यवस्थित बनाकर बच्चों को अच्छा वातावरण देने का प्रयास किया गया। सात आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण


विदिशा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर विदिशा शहर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए चर्चा करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा।

नगरपालिका के तीन साल के कार्यकाल पर विशेष परिशिष्ट

## 100 करोड़ रु. की लागत से हलाली बांध से पेयजल लाइन से विदिशा की बुझेगी प्यास

विदिशा। बेतवा पर बने एनीकट से शहरवासियों को महज एक माह पानी सप्लाई करना मुश्किल होता है। हर बार हलाली बांध से नहर के माध्यम से पानी खरीदकर विदिशा के फिल्टर प्लांट तक लाया जाता है। गर्मियों में तो रोज पेयजल सप्लाई भी नहीं हो पाती है।



ऐसे में विदिशानगर की प्यास बुझाने के लिए नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने साहसिक कदम उठाते हुए हलाली पेयजल योजना मंजूर करवाई। इस योजना पर कार्य भी शुरु हो चुका है और हलाली से विदिशा की तरफ पाइप लाइन बिछाने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। हलाली बांध का पानी विदिशा पहुंचते ही शहर में पानी की कमी नहीं रहेगी। अमृत-2 योजना के तहत शहर में पानी की 6 नई टंकियां निर्माणाधीन हैं। इन टंकियों के बनने शहर के कोने-कोने तक पेयजल सप्लाई नियमित होना शुरु हो जाएगा। खासकर बंटीनगर, करैयाखेड़ा रोड बस्ति, सागर रोड स्थित तमाम कॉलोनियों से लेकर पूरनपुरा, टीलाखेड़ा, हरिपुरा सौंठिया रोड की तमाम बस्तियों में पानी पहुंचना शुरु हो जाएगा। नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने बताया कि 100 करोड़ रुपये की लागत से 35 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जा रही है।

हलाली बांध पर पंप हाउस बनाया जा रहा है और विदिशा में पानी लाकर सबसे पहले शुद्ध किया जाएगा। पानी को शुद्ध पेयजल योग्य बनाने के लिए भी नपा एक अतिरिक्त फिल्टर प्लांट बनाने जा रही है। पेयजल सप्लाई क्षमता बढ़ाने के लिए शहर में 6 नई टंकियों का भी निर्माण किया जा रहा है।

### शहर का हर घर जुड़ेगा सीवर लाइन से

अमृत-2 योजना से ही 20 करोड़ रुपये की लागत से सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया जाने वाला है। प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और बरसात समाप्त होते ही सीवर लाइन से वंचित रहे सभी घरों को गंदा पानी सीधे सीवर लाइन में जोड़ा जाएगा। इससे शहर में गंदगी और दुर्गंध से निजात मिलेगी और मच्छरों से राहत मिलेगी। सभी घर सीवर लाइन से जुड़ जाएंगे तो शहरवासियों का जीवन आसान होगा और कई तरह की बीमारियों से मुक्त मिलेगी।





विदिशा। शहर की गलियां संकरी होने के कारण फायर बिग्रेड नहीं पहुंच पाती थी। नगरपालिका ने इसके लिए छोटी फायर बिग्रेड की सौगात भी शहर को दी।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2740
उच्चतम भाव-3100
सुजाता
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2751
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2595
चना
न्यूनतम भाव-4060
उच्चतम भाव-6122
मसूर
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-9400
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3520
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-4865
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-8200
मूंग
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-7530
धान
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3020
उड़द
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4600
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3665
धनिया
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव-6800

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरूवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 8837 बोरे उपज की आवक हुई।

### बीती रात चोरों ने गल्ला दुकान और घर में की चोरी की वारदात

# इधर पुलिस ने दो चोर पकड़े, उधर अन्य चोरों ने दो स्थानों पर बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



बासौदा शहर पुलिस ने 24 घंटे में एक नकबजनी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे करीब 70 हजार रूपए का मशरूका बरामद किया गया है। उधर बीती रात अन्य चोरों ने दो अलग अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस का चुनौति दे दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को फरियादी अरुण अहिरवार निवासी रविदास कॉलोनी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गत 5 अगस्त को शाम लगभग 6 बजे उसके किराये का कमरा, जैसवाल साहब का मकान, वार्ड क्रमांक 10, गौशाला का ताला अज्ञात चोरों द्वारा तोड़कर अंदर रखा घरेलू सामान चोरी कर लिया गया है। चोरी गए सामान में गैस चूल्हा, गैस टंकी, कूलर, गैस भट्टी, बर्तन, कैरेट, तगाड़ी, टप आदि घरेलू उपयोग की वस्तुएं थीं, जिनकी अनुमानित कुल कीमत 70,000 बताई गई। रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए उक्त नकबजनी के प्रकरण का सफल खुलासा किया गया।

प्रकरण की विवेचना के दौरान तकनीकी विश्लेषण, साक्ष्य संकलन एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों रितिक खटीक, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 09, सिंधी कॉलोनी एवं अभिषेक अहिरवार, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 09, सिंधी कॉलोनी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने घटना को स्वीकार करते हुए चोरी किया गया समस्त सामान लगभग 70,000 कीमती, जिसमें गैस का तीन वर्नर वाला चूल्हा, दो गैस टंकियाँ (इंडियन गैस कंपनी), छोटा कुलर, गैस भट्टी, स्टील के बर्तन, दो हाठ ठैला की कमानी, लकड़ी की पेटी, लोहे के एंगल, सब्बल, तबेला के ढक्कन, बड़े चम्मचे, पीतल का बड़ा दीपक, पानी का कैंपर, फल रखने की 12 प्लास्टिक कैरेट, तीन प्लास्टिक की तगाड़ियाँ, तीन एल्युमिनियम कैरेट, दो कूलर के बड़े टप एवं अन्य घरेलू सामग्री को बरामद किया गया। तत्पश्चात आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक संजय वेदिया, सउनि रतिराम राठौर, आरक्षक अरुण छारी, अभिषेक शुक्ला, अजय यादव, राहुल सरवैया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गेहूं, चना, सरसों, मसूर सहित अन्य अनाज चोरी

गंजबासौदा। बीती रात नगर के बरेठ रोड स्थित धर्म कांटे के पास फुटकर अनाज खरीदने वाले व्यापारी ललित शर्मा की दुकान की शटर तोड कर अज्ञात चोर गेहूं, चना, सरसों, मसूर सहित अन्य अनाज चोरी करके ले गए। हांलाकि देर शाम उनकी दुकान से चोरी गया अनाज एवं अन्य सामान कुछ ही दूर सुनसान स्थान पर बरामद हो गया। जिसके बाद उन्होंने अपनी शिकायत भी वापस ले ली। दूसरी ओर वार्ड क्रमांक 10 निवासी मोनू सूर्यवंशी के घर से अज्ञात चोर मोबाइल फोन चुरा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात मोनू दूसरी मंजिल पर अपने कमरे मे सो रहे थे, जबकि उनकी मां नीचे के कमरे में सो रही थीं। सोते समय मां ने कमरे का दरवाजा ठीक से नहीं लगाया था और इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोर उनके कमरे का दरवाजा खोलकर अंदर रखे दो मोबाइल सहित कुछ नगदी चुरा ले गए। मोनू ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है।

## कृषि कॉलेज के छात्रों ने किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर विनोद कुमार गर्ग के मार्गदर्शन में बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने कृषि विपणन व्यापार एवं कीमतों के विषय में गहन अध्ययन के लिए मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन एवं लॉजिस्टिक गंज बासौदा के भंडार भंडारण गृह का भ्रमण किया। जहां वेयरहाउस के प्रबंधक रविकांत के मार्गदर्शन में अनाज का भंडारण, उनके रखरखाव एवं की जाने वाली सावधानियां जैसे अनाज को भंडारण करने की लागत, अनाज को खराब होने से बचाने आदि बातों से अवगत कराया गया। इसके पश्चात कृषि के विद्यार्थियों को अनाज की प्रोसेसिंग कैसे करते हैं इसके संबंध में हरिओम ट्रेडिंग कंपनी के शिवम खंडेलवाल ने प्रोसेसिंग से संबंधित कार्यों एवं उनसे होने वाले लाभ से अवगत कराया। कृषि विद्यार्थियों के समूह के साथ डॉ आरपी अहिरवार, मुजाहिद सैयद एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे।

## विकासखंड शिक्षाधिकारी ने किया निरीक्षण




**गंजबासौदा।** विकासखंड शिक्षाधिकारी परता अहिरवार ने गुरूवार को कई शालाओ का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिनमे हाईस्कूल ऊहर, हाईस्कूल किरवाया, हाईस्कूल बीलाढाना, उमाबि मसूदपुर, हाईस्कूल हरगनाखेडी शामिल है । बीईओ परता अहिरवार ने बताया है कि लेशन प्लान बनाकर अध्यापन कार्य सिर्फ 20%शिक्षको द्वारा ही किया जा रहा है। गृह कार्य एवं कापी चेक सिर्फ 50% शिक्षको द्वारा ही किया जा रहा है। प्रयोग शाला एवं पुस्तकालय संचालित हो रहे हैं, मासिक टेस्ट संचालित हो रहे है निरीक्षण के समय सभी शालाओ मे शिक्षक उपस्थित मिले। लेकिन हरगना खेडी का संचालन संतोषजनक नही पाया गया। बीईओ ने निर्देश दिए कि मासिक टेस्टो के उपरांत कमजोर एवं दक्षता वाले कमजोर छात्रो की प्रथक से कक्षाए संचालित की जावें। छात्रो की उपस्थिति बढाई जावे, हाईस्कूल हरगनाखेडी को छोडकर सभी शालाओं की स्थिति संतोष जनक पाई गई।

## साधु ज्ञान के साथ आशीर्वाद भी देते हैं: मुनिश्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समाधिस्थ आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर महा मुनिराज के शिष्य एवं आचार्य भगवन 108 श्री समय सागर के आशीर्वाद से निर्यापक श्रमण 108 श्री संभव सागर जी महाराज ससंघ का पावन मंगलमय चातुर्मास गंजबासौदा जैन समाज को प्राप्त हुआ है। पंच ऋषि राज भगवान महावीर विहार में पंच परमेष्ठी रूप विराजमान है। ऋषि राज्यों के मुखारविंद से दिन में 5 -6 घंटे का स्वाध्याय श्रावकों को कराया जा रहा है। सुबह मुनि श्री संभव सागर के प्रवचन शाम को मुनि निस्सीम सागर द्वारा सामान्य ज्ञान की क्लास एवं दोपहर में मुनि श्री श्रमण सागर जी द्वारा युवक युवतियों को धार्मिक ज्ञान तथा मुनि श्री संस्कार सागर द्वारा बच्चों की क्लास एवं मुनि श्री ओमकार सागर जी द्वारा प्रदुषण पर्व की तैयारी कराई जा रही हैं। आज की प्रवचन माला में मुनि श्री ने बताया कि जैसे वृक्ष शीतल छाया के साथ-साथ मीठे फल भी देता है। उसी प्रकार साधु भी ज्ञान के साथ-साथ आशीर्वाद देते हैं पूज्य श्री ने रक्षाबंधन पर्व पर प्रकाश डालते हुए बताया एक विधर्मी ने सात सौ मुनि राजों पर उपसर्ग किया था उस समय एक रिद्धि धारी मुनिराज ने अपनी रिद्धियों के द्वारा उनके उपसर्ग को दूर किया था इस समय से रक्षाबंधन सूत्र बांधकर वात्सल पर्व मनाया जाता है इसी तारतम्य में त्रिदिवसीय रक्षाबंधन विधान का आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है इसमें सात सौ मुनि राजों को अर्ध समर्पित किए जाएंगे।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में युवा कांग्रेस ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरूवार को युवा कांग्रेस द्वारा विद्युत कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में स्टेशन के पास से तहसील परिसर तक पैदल मार्च कर अनुभवागीय अधिकारी विजय राय को ज्ञापन सौंपा गया। उसके पश्चात सभी कार्यकर्ता नारेबाजी करते विद्युत कंपनी कार्यालय पहुंचे और वहां विद्युत अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

युवा कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कंपनी द्वारा आम जनता पर जबरन स्मार्ट मीटर थोपे जा रहे हैं। जिससे जनता को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी उठानी पड रही है। ज्ञापन में बताया गया है कि स्मार्ट मीटर से अत्याधिक एवं अव्यवहारिक बिजली बिल आ रहे हैं, बिना सूचना और बिना सहमति के मीटर बदले जा रहे हैं, जिससे पारदर्शिता खत्म हो गई है, प्रीपेड सिस्टम में समय पर रीचार्ज न होने से गरीब परिवारों को बिजली से वंचित होना पड रहा है, मीटर की रीडिंग एवं कटौती पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में है, जिससे मनमानी की जा रही है,




स्मार्ट मीटरों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए जा चुके हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि स्मार्ट मीटर लगाना तत्काल बंद किया जाए, जिन उपभोक्ताओं को मीटर से परेशानी है, उनके यहां दूसरे मीटर लगाए जाएं, बिलों की उच्च स्तरीय जांच के लिए कमेटी नियुक्त की जाए, जबरन वसूली व रीचार्ज बाध्यता को समाप्त किया जाए। इस अवसर पर सौदान सिंह यादव, सत्यकुमार शर्मा, विकास शर्मा, सुनील बाबू पिंगले, पंकज एलिया, ,राजेश माहेश्वरी, अमित दुबे पट्टू ,यशवंत बंटी गुर्जर ,जगदीश व्यास, आकाश शर्मा, अमित राजावत,सत्यम बाजपेई, गोलू रघुवंशी,कपिल यादव, विकास यादव, संजय , संग्राम गुर्जर,राजवर्धन, पियूष राजपूत, अंशु शर्मा, सतीश शर्मा, नरेश रघुवंशी, राज सेन, राजकुमार रघुवंशी, राकेश रघुवंशी, राज रघुवंशी, सुमित मालवीय, शुभम मालवीय, रवि सेन ,अनुज दुबे एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होटलों की जांच कर खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



गंजबासौदा। गतदिवस नगर में विदिशा से आई खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने होटलों पर मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों की जांच की और सैंपल लिए। आगामी रक्षाबंधन के त्योहार पर मिलावट न हो सके और नागरिकों को दूषित एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों का विक्रय न हो सके इसी के चलते खाद्य विभाग की टीम ने गंजबासौदा आकर होटल एवं खान पान के प्रतिष्ठानों की जांच की एवं नमूने लिए। यहां उल्लेखनीय है कि खाद्य विभाग द्वारा नियमित रूप से त्यौहारों के पूर्व इस तरह की जांच एवं कार्रवाई की जाती है, लेकिन इसके बावजूद नगर में मिलावटी मावा, दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री धडल्ले से होती रहती है और ऐसे लोग कार्रवाई से पहले ही अपनी दुकान बंद कर देते हैं।

## खबर संक्षेप

### शिवलिंग किया स्थापित



**उदयपुर।** ग्राम के पहाड़ पर स्थित शिवलिंग को असामाजिक तत्वों के द्वारा दबा दिया गया था। जिसे स्थानीय एवं क्षेत्र के जागरूक लोगों की सूझबूझ से शिवलिंग को एक अस्थाई चबूतरा बनाकर सावन के चौथे सोमवार को जल अभिषेक किया और चबूतरे पर विराजमान कराया। लोगों का कहना है कि पहाड़ के ऊपर शिवजी का मंदिर रहा होगा जिसे आक्रोंताओं ने नष्ट कर दिया होगा। अब उनकी मांग है कि यहां मंदिर निर्माण किया जाए। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों भी ग्राम में एक मकान निर्माण के दौरान खुदाई में प्राचीन शिवलिंग मिला था। जिसे पुरातत्व विभाग ने अपनी अभिरक्षा में ले लिया गया है। ग्राम प्राचीन है और यहां मंदिरों के अवशेष एवं देवी देवताओं की प्राचीन प्रतिमाएं आए दिन मिलती रहती हैं। जिन्हें पुरातत्व विभाग संरक्षित करता है।

### अंबानगर पंचायत को मिला नौवां स्थान




गंजबासौदा। पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले की सभी पंचायतों में से अंबानगर पंचायत को नौवां स्थान मिला है। जिस पर गत दिवस पंचायत को सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि जिले में 500 से ऊपर लगभग पंचायत में से टॉप 9 पंचायत में नवां स्थान प्राप्त करने पर अंबा नगर पंचायत को 2100 रूपए की राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने गरीबों को खिलाई पूड़ी सब्जी, खीर

# सेवा कार्यों से मनाई सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत 6 अगस्त को देश की भूतपूर्व विदेश मंत्री एवं दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की 6 वीं पुण्यतिथि, भारतीय जनता पार्टी गंजबासौदा के कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही सेवा भाव से मनाई गई। इस अवसर पर बुधवार रात्रि को विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता, नगर में भूखे असहाय लोगों को प्रतिदिन भोजन करने वाली संस्था अन्नपूर्णा सेवा समिति पहुंचे और वहां पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के चित्र के आगे दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के कार्यकाल को याद करते हुए विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा की दीदी सुषमा स्वराज का कार्यकाल गंजबासौदा के लिए स्वर्णिम काल था। उनके विदिशा सांसद रहते हुए क्षेत्र का बहुत तेजी से विकास हुआ। उन्होंने बताया कि चाहे रसूलपुर पठारी मार्ग हो अथवा गंजबासौदा गुलाबगंज का मार्ग, यह बड़े-बड़े बजट के मार्ग, दीदी सुषमा स्वराज ने एक बार में ही स्वीकृत कराए थे और यदि दीदी सुषमा स्वराज आज हम सबके बीच में होती तो गंजबासौदा रेलवे स्टेशन, अभी जंक्शन बन चुका होता। विधायक रघुवंशी ने उनकी कमी को अपूर्णीय क्षति बताया। नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव ने सुषमा स्वराज को देश की महान नेता बताते हुए उनका पुण्य स्मरण किया, उन्होंने कहा कि दीदी सुषमा स्वराज द्वारा किए गए कार्य, हमें जनता की सेवा का मार्ग दिखलाते हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल ने कहा कि दीदी सुषमा स्वराज, नारी शक्ति का प्रतीक थी वह जीती जागती सरस्वती थी। आज उनकी कमी को हम सब पूरा नहीं कर सकते। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्री राम नाम संकीर्तन करते हुए, गरीब- असहाय लोगों को बिठाकर, खीर पुड़ी का भोजन कराया गया।

### अव्यवस्थित पार्किंग बनी परेशानी



गंजबासौदा। एक ओर जहां मिनी स्मार्ट सिटी अंतर्गत नगरपालिका द्वारा नगर में लगातार सौंदर्यकरण एवं अन्य निर्माण कार्य जारी हैं। सड़कों का निर्माण कर दिया गया है। जिससे सड़कें पहले की अपेक्षा चौड़ी हो गई हैं। लेकिन नगर के मुख्य मार्गों पर संचालित बैंक एवं अन्य प्रतिष्ठानों के बाहर दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों द्वारा अव्यवस्थित ढंग से अपने वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे प्रतिदिन मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। अल सुबह 40 फीट चौड़ी दिखने वालीं सड़कें बाजार खुलते ही सिमट कर 20 फीट की रह जाती हैं। जिसका मुख्य कारण दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों की हद से 10 फिट आगे तक अतिक्रमण करते हुए सामग्री रख लेना है।

# वेदांत आश्रम में संस्कृत सप्ताह का उल्लास विद्यार्थियों ने दी गीत, संभाषण की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वेदांत आश्रम स्थित संत श्रीजगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय, में शासन के निर्देशानुसार संस्कृत सप्ताह का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। 6 अगस्त से प्रारंभ हुआ यह उत्सव 12 अगस्त तक चलेगा, जिसमें संस्कृत भाषा की गरिमा, वैज्ञानिकता और आध्यात्मिकता को उजागर किया जा रहा है। संस्कृत सप्ताह के विशेष आयोजन के अंतर्गत 9 अगस्त को प्रातः 7 बजे आश्रम परिसर में विद्यार्थियों का श्रावणी उपाकर्म (यज्ञोपवीत संस्कार) का आयोजन आचार्यों की देखरेख में संपन्न होगा। आश्रम में चल रहे मासिक शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान भी श्रद्धा एवं विधिपूर्वक संपन्न हुआ। मालूम हो कि शासन द्वारा संस्कृत भाषा के संवर्धन और संरक्षण के लिए विद्यालयों में संस्कृत सप्ताह मनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। वेदांत आश्रम में आयोजित संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों ने संस्कृत गीत, संभाषण, श्लोकवाचन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भाषा की सौंदर्यता, लयात्मकता और भाव-समृद्धि को सजीव कर दिया। विद्यार्थियों ने शुद्ध संस्कृत में अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया कि यह भाषा आज भी जीवंत और प्रभावशाली है। इस अवसर पर आश्रम के महंत हरिहरदास महाराज ने कहा कि संस्कृत आत्मिक विकास की भाषा है। यह धर्म, सेवा और त्याग जैसे उच्च मूल्यों की प्रेरणा देती है। संस्कृत मानव मात्र की आत्मा को उज्ज्वल करने वाली दिव्य भाषा है। इससे धर्म, सेवा, त्याग और संस्कारों की प्रेरणा सहज ही प्राप्त होती है।

## सिरोंज पत्रकार महासंघ और आईजा ने दी एसडीएम चौधरी को दी विदाई

# 'जल्दी ही सिरोंज बने जिला और जिले की कमान संभालें आप...'

### पत्रकारों ने भावुक होकर कहा-एसडीएम हर्षल चौधरी का विदाई समारोह किया आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पत्रकार महासंघ सिरोंज एंव मध्यप्रदेश आईजा ने सिरोंज में पदस्थ एसडीएम हर्षल चौधरी के स्थानातरण होने के बाद विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उनका शॉल श्रीफल व प्रतिचिन्ह देकर सम्मान किया।

इस मौके पर सभी पत्रकारो ने एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा किए गए कार्यो को याद किया। इस मौके पर मध्यप्रदेश आईजा के अध्यक्ष एंव सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि एसडीएम हर्षल चौधरी का सिरोंज में 3 वर्षो का कार्यकाल अस्मर्णीय रहा। वही श्री चौधरी ने अपने व्यवहार और कार्यशैली से आम नागरिक इतने प्रभावित थें कि उनका स्थानातरण का बडा दुख है जहां एक दुख की घडी है वही एक हर्ष का माहौल है। क्योकि प्रशासनिक व्यवस्थाओं के चलते अधिकारियो को आना जाना पडता है। लेकिन कुछ अधिकारी ऐसे होते है जो अपनी एक अच्छी छवी छोड देते है। सैनानी ने कहा कि सिरोंज में 2023 में हर्षल चौधरी ने पदभार ग्रहण करने के बाद ही शहर में सौदर्यकरण को लेकर ही कार्य शुरू कर दिया था। उसी का परिणाम है कि शहर में गंभीर अतिक्रमण,दीवार की बाल पेंटिग आदि को आज भी लोग याद करते है। यदि विगत 2 वर्ष पूर्व की बात की जाए तो नगर पालिका परिषद के सामन दीवारें देखने लायक भी नही थी। जिन्हें देखते हुए एसडीएम हर्षल चौधरी ने उन दीवारो पर स्कूली बच्चों के साथ बाल पेंटिंग कर दीवारो को एक नया रूप दिया। आज वही दीवारे राहगीरो देखते है तो उन्हें एसडीएम हर्षल चौधरी की याद आ जाती है। तो वही पत्रकार महासंध के सरक्षक नसीम खान ने हर्षल चौधरी द्वारा किए गए शहर के विकास कार्यो का उल्लेख करते हुए एसडीएम हर्षल चौधरी का अहम हिस्सेदारी रही है। उन्होने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते है कि सिरोंज जिला बनें और सिरोंज जिले के प्रथम कलेक्टर के रूप एसडीएम हर्षल चौधरी उस कुर्सी की कमान संभाले। पत्रकार संघ के वरिष्ठ सदस्य जफर उल्लाह खान ने एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा गरीबो के हक में किए गए कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भी कोई गरीब व्यक्ति अपनी समस्या लेकर श्री चौधरी के पास पहुचता था तो एसडीएम हर्षल चौधरी उक्त व्यक्ति की समस्या को ध्यान पूर्वक सुनते थें। साथ ही उक्त समस्या के समाधान और न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करते आए है। आज एसडीएम हर्षल चौधरी की विदाई से क्षेत्र के हर नागरिक में दुख के भाव देखे जा रहें है। वही पत्रकार रजत सक्सेना ने कहा कि एसडीएम हर्षल चौधरी ने शहर के विकास कार्यो व शहर के सौदर्यकरण में अपने अहम भूमिका निभाई है। उन्होने अपनी महनत और उत्कृष्ट कार्यशैली से सिरोंज का पूरा नक्शा ही बदल दिया है। यदि देखा जाए तो पूर्व में नगर के तालाब रोड पर जहा नागरिक घूमने फिरने भी नही जाते थें। वही जगह आज नागरिक सुबह शाम घूमने तो जाते ही है साथ ही कई घण्टों तालाब रोड पर हुए सौदर्यकरण के नजारो को देखते रहते है।

वही पत्रकार अरबाज खान शेखू ने कहा कि शहरी क्षेत्र हो या फिर ग्रामीण एसडीएम हर्षल चौधरी ने पूरे क्षेत्र में हर नागरिको को दिलो में इन 3 वर्षो में ऐसी जगह बनाई है कि आज उनके स्थानातरण से क्षेत्र के हर नागरिक के दिल में दुख के भाव देखे जा रहें है। वही पत्रकार अब्दुल अलीम ने कहा कि जब भी कोई अधिकारी किसी भी अन्य क्षेत्र से स्थानातरण होकर किसी क्षेत्र में जाता है। तो वह अधिकारी पदभार ग्रहण करते है अपने ऑफिस के कार्यो में ही व्यस्थ हो जाता है। लेकिन एसडीएम हर्षल चौधरी ने सिरोंज में पदभार ग्रहण करते ही शहर के सौदर्यकरण व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होने नपा के अधिकारियो के साथ मिलकर स्वंय शहर को स्वच्छ किया। जिसका परिणाम आज यह देखा जाता है कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति नगर में हुए सौदर्यकरण के कार्यो की जानकारी किसी आम नागरिक से लेता है तो वह नागरिक यह कहता है कि यह कार्य हमारे एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा करवाया गया है। इस मौके पर तबरेज आलम,तुस्तकीन खान, सौरभ साहू, शिवम साहू आदि उपस्थित रहें।

## यातायात पुलिस ने की स्कूली वाहनों की जांच, 11 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

### नियम व सुरक्षा के प्रति चालकों एवं बच्चों को दी जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



गुरूवार को यातायात पुलिस द्वारा स्कूली वाहनो की चेकिंग हेतु एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस ने स्कूली वाहन ऑटो रिक्शा एंव वैन की गहन जांच की और यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको पर चलानी कार्यवाही करते हुए वाहन सम्बंधित समस्त दस्तावेज पूर्ण करने की हिदायत दी गई।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश बघेला द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वाहन दस्तावेजों में अनियमितता, सुरक्षा उपकरणों की कमी तथा ओवरलोडिंग जैसे गंभीर उल्लंघन पाए गए। इस दौरान 11 स्कूली व यात्री वाहनो पर कार्यवाही करते हुए 10 हजार 400 का शमन शुल्क वसूला गया। साथ ही निमयो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को याताया प्रभारी रीतेश बघेला द्वारा मौके पर समझाइश दी गई कि वे रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, फिटनेस, परमिट, पीयूसी आदि कागजात पूर्ण रखें, वाहन में आपातकालीन खिड़की, प्राथमिक उपचार पेटी, अग्निशमन यंत्र अवश्य रखें तथा किसी भी प्रकार की ओवरलोडिंग, शराब सेवन, तेज गति या मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें।

**वाहन चालको को बताया अभियान का उद्देश्य** - इस अवसर पर सुबेदार रीतेश बघेला ने वाहन चालको को अभियान का उध्देश्य बताते हुए कहा कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों, उनके अभिभावकों, वाहन चालकों एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है, ताकि दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके एवं जनहानि को न्यूनतम किया जा सके। भविष्य में भी इसी प्रकार के सघन जांच अभियान आयोजित कर यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित किया जाएगा। वही उन्होने

### नाबालिग बच्चे दिखाते हैं स्टंट

*आज कल यह देखा जा रहा है कि स्कूल और कोचिंग के बहाने शहर में कई नाबालिग बच्चे बाइक और स्कूटी चलाते नजर आ जाते हैं। खासकर नगर में स्कूल और कोचिंग के आसपास यह नाबालिग बच्चे कई बार स्टंट दिखाते हुए भी नजर आते हैं। नाबालिग बच्चों के माता-पिता स्कूल और कोचिंग के लिए उन्हें बाइक स्कूटी दिला देते हैं, लेकिन कई बार यह बच्चे नासमझी के कारण हादसों के शिकार भी हो जाते हैं। वही यातायात पुलिस ने नाबालिग बच्चो को वाहन न चलाने की हिदायत दी।*

## 13 को तिरंगा यात्रा, विधायक सप्रे होंगे शामिल

### भाजपा पथरिया मंडल की बैठक आयोजित



**सिरोंज।** स्थानीय निजी स्कूल में भारतीय जनता पार्टी मंडल पथरिया के कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रघुवंशी ने बताया पार्टी की मंशाअनुसार 10 अगस्त से 14 अगस्त तक पार्टी ने हर बूथ पर तिरंगा यात्रा निकालने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत पथरिया में 13 अगस्त को शाम 4 बजे से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा ज्ञान कुंज स्कूल से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होते हुए माँ जानकी तिराहा से वापस लौटकर स्कूल में समापन होगा। तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे भी शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक कार्यकर्ता भाग ले और कार्यक्रम को सफल बनाएं। प्रत्येक बूथ पर भी है तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा और कार्यकर्ता अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाये और कार्यक्रम के फोटो भाजपा संगठन ऐप पर भेजें। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि राकेश शर्मा,भूपत सिंह रघुवंशी,राजीव रघुवंशी महामंत्री शिवराज सिंह रघुवंशी, शिवराज सिंह सूर्यवंशी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अरविंद बघेल, सरपंच प्रतिनिधि लेखराज पाल सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुएं में डूबने से व्यक्ति की मौत



**सिरोंज।** गुरुवार को एक व्यक्ति की कुएं में डूबने से मौत हो गई। तो वही उसकी पहचान 45 वर्षीय कोमल प्रसाद शाक्य के रूप में हुई, जो शराब पीने का आदी था। मिली जानकारी अनुसार पुलिस को सुबह कागदीपुरा स्थित शराब दुकान के पास वाले कुएं में शव होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस और नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। सुबह 10 बजे के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला गया। मृतक के कपड़ों में शराब का एक पौआ भी बरामद हुआ। तो वही कोमल के परिजन बनवारी शाक्य ने बताया कि कोमल बुधवार शाम 4-5 बजे घर से निकले था और रात को घर नहीं लौटा। जब कुएं में शव होने की जानकारी मिली तो वे वहां पहुंचे। शव बाहर निकालने पर उन्होंने पहचाना कि यह कोमल प्रसाद का है। वही पुलिस ने शव को पीएम के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय भेजा।

## 13 अगस्त को कुरवाई में निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**कुरवाई।** भाजपा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पूरे देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के अंतर्गत कुरवाई विधानसभा में आगामी तिरंगा यात्रा को लेकर गुरुवार को विधायक कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी एवं कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे उपस्थित रहे।

बैठक में मेहलुआ और कुरवाई मंडल की तिरंगा यात्रा को लेकर रूपरेखा तय की गई। 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा मेहलुआ मंडल के बरबाई से प्रारंभ होकर कुरवाई नगर में प्रवेश करेगी, जहां नगर भ्रमण के बाद यात्रा का समापन होगा। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने कहा कि तिरंगा यात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुटें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि हर घर पर तिरंगा फहराया जाए, और 15 अगस्त की शाम को सा. सम्मान उसे उतारकर सुरक्षित रखा जाए।

विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि देश आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व ,सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिंदूर पूर्णता सफल रहा एवं दुश्मन देश पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सोनी, जिला कार्यालय मंत्री दिनेश शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री उमा सिंह जाट, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रविशंकर पंथी, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, वरिष्ठ नेता हरि सिंह चौहान, अर्जुन सिंह राय, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी एवं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामकुमारी चौबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बेतवांचल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के मेगा कैंपस प्लेसमेंट में 105 छात्रों ने पहला चरण पार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बेतवांचल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स में एक मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें देश की कई प्रमुख मल्टीनेशनल कंपनियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर जोमाटो, एक्सेस बैंक, मंत्रा, स्प्रा लिमिटेड, ब्लैंकिट, एसबीआई जनरल, हिमालया और और फोंटे जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां उपस्थित रहीं। इस मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। जिनमें से 105 विद्यार्थियों ने पहले चरण के साक्षात्कार में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन, डायरेक्टर और प्लेसमेंट सेल के सदस्य भी उपस्थित रहे। प्लेसमेंट ऑफिसर एमआईएसएस तस्लीम और एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर आदित्य यादव संस्थान द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजनों का आयोजन किया जाता है। जिससे उन्हें करियर की दिशा में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। संस्थान के निदेशक ने बताया कि अगले चरण के इंटरव्यू आगामी सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। छात्रों और अभिभावकों में इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

## सेंटमैरी कॉलेज में हुई एनसीसी कैडेट्स की भर्ती

**विदिशा।** सेंट मैरी कॉलेज में एनसीसी कैडेट की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में हुई। प्रथम चरण में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का शारीरिक परीक्षण किया गया। इसके बाद लिखित परीक्षा आयोजित की। कार्यक्रम में एनसीसी से संबंधित सामान्य ज्ञान का परीक्षण करने के बाद तृतीय चरण में साक्षात्कार हुआ। जिसमें विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक तथा एनसीसी में आने का उद्देश्य का परीक्षण किया गया। इन तीनों परीक्षणों में चयनित विद्यार्थियों का ही अंतिम चयन हुआ। जिसमें लगभग 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 48 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। यह बड़े गर्व का विषय है कि आज युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत हो रही है और वह एनसीसी के माध्यम से अपने उत्साह को राष्ट्रीय पटल पर रखना चाहते हैं।

## समता और वीतराग का अभ्यास हमारे सुख और शांति की है कुंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



बाल ब्रह्मचारी पं सुमतप्रकाश द्वारा 7 दिवसीय शिविर के अंतिम दिन देव शास्त्र गुरु पर उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि देव शास्त्र गुरु हमारे प्राण है उनका प्रत्येक कार्य में स्मरण करना चाहिए। स्मरण करने पर ही उनका अनुकरण हो सकता है। देव शास्त्र गुरु से भावों से दूरी ही वास्तविक दूरी है।

भगवान के पास और गुरु के पास आकर के आत्मा के पास आने का प्रयास करना चाहिए। जिनको आदर्श बनाते हैं उन्हें देखकर हम प्रसन्न होते हैं और जैसा ही आचरण करते हैं। जीव रक्षा के लक्ष्य से पानी छानना और दिन में भोजन करना ही अहिंसा अणुव्रत है। देव शास्त्र गुरु से दूर होने पर पुण्यक्षण हो जाता है। संपत्ति से संपन्नता बढ़ाओ अर्थात देव शास्त्र गुरु की भक्ति और समर्पण बढ़ाओ,जिनवाणी का स्वाध्याय करो। उन्होंने कहा कि यह पांच प्रमुख भाव, आत्मज्ञान और मुक्त मार्ग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आत्मा का स्वरूप क्या है, आत्मा अदृश्य, अमूर्त लेकिन सुंदर है। सुंदरता का अर्थ वही है जो आनंद और सुखदायक हो। प्रश्न उठता है यदि आत्मा सुखदायक है, तो दुख क्यों होता है? पाँच भाव यह ज्ञानी के मार्ग पर सबसे प्राथमिक हैं। इन भावों को समझे बिना आत्मज्ञान और सम्यक दर्शन संभव नहीं।

## नवजात के लिए स्तनपान प्राथमिकता है : डॉ एमके जैन




**विदिशा।** गुरुवार को अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करैयाखेड़ा में विश्व स्तन पान सप्ताह के समापन के अवसर पर आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष एवं आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ एमके जैन ने बताया कि शिशुओं के लिए स्तनपान प्राथमिकता होना चाहिए। यह उनके समग्र शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास के लिए जरुरी है। आईएमए विदिशा के अध्यक्ष एवं सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ राजीव जैन ने बताया कि स्तनपान करवाने से माताओं को स्तन और अंडाशय के कैंसर से सुरक्षा मिलती है। कार्यक्रम को डॉ दिनेश शर्मा, डॉ नीति अग्रवाल डॉ संजय अग्रवाल, डॉ सुरेंद्र सोनकर ने भी संबोधित किया।

## सेवानिवृत्त कर्मियों को पीपीओ देकर सम्मानित किया

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल डामोर ने मई व जून माह के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों को पीपीओ का वितरण किया। स्मृति स्वरूप आम के पौधे व गीता भेंटकर माला पहनाकर सम्मानित किया। इससे पहले सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों ने शासकीय सेवाओं के दरम्यिान अपने-अपने अनुभवों को सांझा कर स्मृतियों को यादगार बनाया। गर्ल्स कॉलेज से सेवानिवृत्त डॉ ओजस्विनी जौहरी मेघानी व अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों अधिकारियों से अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने व्यक्तिगत संवाद कर सेवानिवृत्ति से पूर्व मिलने वाले सभी क्लेम्प के संबंध में जानकारी ली। जिला पेंशन अधिकारी को निर्देशिता किया गया कि छह माह पूर्व सेवानृित्त होने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति संबंधी दस्तावेंजों की पूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। कार्यक्रम को जिला पेंशन फोरम के अध्यक्ष ओमप्रकाश चतुर्वेदी, पूर्व एल डीएम नरेश मेघाणी ने भी संबोधित किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उक्त सम्मान समारोह में संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा, सहायक पेंशन अधिकारी कैलाश चक्रवर्ती, जिला पेंशन कार्यालय के जावेद खान समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्कूल में लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

नगर के ज्ञान ज्योति एकेडमी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें पौधे लगाने के साथ ही बच्चों को पौधों की देखरेख करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर पीएमश्री स्कूल प्राचार्य संजेश किरार, शिक्षक संतोष शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार ईश्वरी भार्गव, ज्ञान ज्योति एकेडमी प्राचार्य देवेश आर्य, शिक्षक जितेंद्र विश्वकर्मा, रीतेश श्रीवास्तव व शिक्षकों के साथ विद्यालय के छात्र छात्राएं भी मौजूद रहे।

## शिक्षक हमेशा समाज के लोगों को नई दिशा देता है: सक्सेना

### सेवानिवृति पर विद्यालय परिवार व अभिभावकों ने शिक्षा के कार्य क्षेत्र में किए गए योगदान की काफी प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

माध्यमिक शाला मोही के शिक्षक दलसिंह कुशवाह के सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार ने उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें पुष्प गुच्छ शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर विदाई की।

संकुल प्राचार्य आशीष सक्सेना ने कहा कि शिक्षक समाज सुधारक होते हैं, शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं, वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा देते हैं। जिससे समाज सशक्त और मजबूत होता है। सेवानिवृत्ति के बाद समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। विद्यालय परिवार के शिक्षक, अभिभावकों व ग्रामीणों ने उनके द्वारा स्कूल में तथा शिक्षा के कार्य क्षेत्र में किए गए योगदान की काफी प्रशंसा की।

इस अवसर पर भाजपा नेता डॉक्टर भैरों सिंह गुर्जर, समाजसेवी खिलान सिंह रघुवंशी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोज साहू, बाबू लाल मीणा, देवेन्द्र तिवारी, शाला प्रभारी संभू सिंह सुरजेनिया,पूर्व सरपंच धन्ना लाल धाकड़, पहलवान मीणा सरपंच, मर्दन सिंह कुशवाह, योगेन्द्र मीणा, खूब सिंह राजपूत, हीरालाल जौनपुरी सहित बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**विदिशा।** माध्यमिक शिक्षक दलसिंह कुशवाह के सेवानिवृत होने पर कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई।



## जारी नहीं हुआ टोल फ्री नंबर, परिजन किराए के वाहनों से ले जा रहे मृतकों के शव

# अव्यवस्थाः हरी झंडी दिखाने के बाद भी शव वाहनों के नहीं घूम रहे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला अस्पताल को दो शव वाहनों की सौगात मिली है। लगभग सप्ताह भर का समय गुजर जाने के बाद भी इन शव वाहनों के पहिए नहीं घूमे हैं। यह जिला अस्पताल में खड़े धूल खा रहे हैं। वजह यह है कि हेल्थ मिशन 108 एंबुलेंस के दोनों वाहन अधीन है। सरकार द्वारा इन्हें टोल फ्री नंबर जारी किया जाना है वह अभी तक जारी नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में शवों को जिला अस्पताल से उनके परिजन निजी या किराए के वाहनों में ले जाने के लिए मजबूर हैं। वाहनों की सेवा तो फ्री शुरू की गई है, लेकिन इसका श्री गणेश अभी तक नहीं हुआ है।

शव वाहन सेवा का संचालन 108 एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कंपनी का दावा है कि 23 जुलाई से अभी तक लगभग 13 शवों को उनके घर पहुंचाया जा चुका है, लेकिन जमीनी सच्चाई इस दावे से मेल नहीं खा रही। अक्सर देखा गया है कि परिजन मृतकों को निजी वाहनों और किराए के वाहनों से ले जाते हैं।

### किशोर के शव को नहीं मिला था शव वाहन

हाल ही में नरापुरा वार्ड 1 रहने वाले 17 वर्षीय धर्मेंद्र लोधी नाले के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव वाहन न मिलने के कारण परिजन उसे निजी वाहन से घर ले गए थे।



### किराए के वाहनों से शव ले जाने मजबूर परिजन

इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिला अस्पताल में मानवता को झकझोरने वाले दृश्य सामने आ रहे हैं। जो मरीज अस्पताल में दम तोड़ देते हैं, उनके शवों को प्रशासनिक वाहन से न भेजकर परिजन खुद की जेब से राशि खर्च पर निजी अथवा किराए के वाहनों से घर ले जा रहे हैं। वहीं, अब तक शव वाहन सेवा के लिए कोई टोल फ्री नंबर भी जारी नहीं किया गया है। ऐसा जिम्मेदार अधिकारियों का भी कहना है।

जिला प्रशासन को ये दो शव वाहन नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत प्राप्त हुए हैं। यह वाहन सेवा 108 एम्बुलेंस सेवा के अधीन है। इन्हें राज्य शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध रखा जाएगा। इनका उपयोग जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत रोगी अथवा दुर्घटना के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके घर या मुक्तिधाम तक पहुंचाने के लिए किया जाना है। जिले में लंबे समय से शव वाहनों की कमी महसूस की जा रही थी। शव वाहन जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन द्वारा कमी लंबे अरसे से महसूस की जा रही थी।

### जिला अस्पताल में दिखावे के लिए खड़े शव वाहन

*जिला प्रशासन और सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा दो शव वाहनों को हरी झंडी दिखाए एक सप्ताह हो चुका है, लेकिन जिला अस्पताल में खड़े शव वाहनों के पहिए अब तक नहीं घूमे हैं। बताया जाता है कि इन शव वाहनों को शासन स्तर पर टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी होना बाकी है। शायद इसीलिए इन शव वाहनों के पहिए थमे हुए हैं।*

*सांची विधायक डॉ चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत वब्लू मीणा, सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे एसडीएम मुकेश सिंह द्वारा को दो शव वाहनों की सेवा का शुभारंभ किया गया था। लेकिन इस महत्वपूर्ण सेवा का लाभ शहर के लोगों को अब तक नहीं मिल पाया है। दोनों शव वाहन अस्पताल परिसर में खड़े धूल खा रहे हैं और अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।*

**इनका कहना है**

शासन स्तर से अभी शव वाहनों को टोल फ्री नंबर एलॉट नहीं हुआ है। यह शव वाहन सेवा हेल्थ मिशन 108 एम्बुलेंस सेवा के अधीन है।
- **डॉ एमडी भारती,** नोडल अधिकारी रायसेन

# आर्थिक तंगी के चलते नपा के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ने घर में लगाई फांसी, मौत

## 3 महीने से नहीं मिला था कर्मचारियों को वेतन, तनाव में था मृतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नपा परिषद में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं जेसीबी चालक मनोज लोधी ने मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।



मनोज नगर पालिका में पिछले 3 महीने से वेतन न मिलने से काफी परेशान था। कोतवाली पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात करीब 11 बजे अपने घर में ही फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है।

जहा मनोज ने फांसी लगाई उसी कमरे में उसका भांजा भूपेंद्र लोधी सो रहा था, जब उसने अपने मामा को फांसी पर लटका देखा तो वह घबरा गया। उसने तुरंत पुलिस थाने कोतवाली में सूचना दी। उसके बाद पुलिस और नपा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे शव को फांसी से उतारकर जिला अस्पताल लाया गया, जहां पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम किया गया।



### परिजनों ने कहा- बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाए सरकार

गुरुवार की सुबह जिला अस्पताल के बाहर मृतक मनोज के परिजन पहुंचे और नगर पालिका के कर्मचारी भी एकत्रित हुए। वहीं एसडीएम मुकेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, नपा सीएमओ सुरेखा जाटव मर्चुरी के बाहर पहुंची और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। मनोज के भाई नीरज लोधी ने प्रशासन से मांग की कि मृतक की पत्नी को स्थाई नौकरी दी जाए दी। मृतक के बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाएं। इस बात पर एसडीएम सिंह ने भरोसा दिलाया कि मनोज की पत्नी को किसी सरकारी विभाग में नौकरी दी जाएगी और भाई को भी नपा में काम मिलेगा। उन्होंने दुखी परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

### बजट की कमी से अटका था मृतक का वेतन

*नपा सीएमओ सुरेखा जाटव ने बताया कि शासन स्तर से जो बजट आता है। उसमें से बिजली बिल कटने के कारण कर्मचारियों को वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा है। हालांकि एक पखवाड़े पहले ही कुछ कर्मचारियों को वेतन वितरित किया है। अब स्थाई कर्मचारियों को भी वेतन उनके खातों में भेज दिया जाएगा। बाकी बचे कर्मचारियों को वेतन जल्द ही जारी करवा दिया जाएगा।*

### रिटायर्टमेंट पर गायत्री बाथम को दी गई

**रायसेन।** जिला आदिम जाति कल्याण विभाग की महिला कर्मचारी गायत्री बाथम के रिटायर्ड मेंट पर उनका विदाई ससमारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन जिला आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय में किया गया। जिला संयोजक सीपी सोनी द्वारा शॉल ओढ़ाकर और श्रीफल देकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि आपका सेवा कार्यकाल यादगार रहा।उनके निष्पक्ष ईमानदारी की मिसाल की जमकर तारीफ की। इस मौके पर जिला संयोजक सी पी सोनी, देवेंद्र ठाकुर शशि प्रभा मैडम अधीक्षक प्रभाकर गायकवाड सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने स्वदेशी राखी का किया निर्माण

**सिलवानी।** स्वदेश वस्तुओं को बढ़ावा देने के पवित्र उद्देश्यों के तहत महिलाओं द्वारा स्वदेशी वस्तुओं से राखी का निर्माण गया। जनजाति क्षेत्र की शिक्षा विद्या भारती मध्य भारत प्रांत भाऊराव देवरस सेवा न्यास भोपाल द्वारा संचालित अंचल के सरस्वती संस्कार केंद्र के आवर्ती वर्गों में स्वदेशी राखी निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें महिलाओं के द्वारा व्यापक स्तर पर स्वदेशी राखी का निर्माण किया और संकल्प लिया की अपने अपने केंद्र ग्राम मे स्वदेशी राखी निर्माण कार्यशाला करेंगे और अपने भाई की कलाई में हाथ से बनाई राखी बांधने का संकल्प लेते हैं।

### सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका का किया सम्मान

**दीवानगंज।** बुधवार को एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला दीवानगंज परिसर में शिक्षिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा प्राथमिक शिक्षक दीवानगंज का 31 जुलाई को सेवानिवृत होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रभारी संकुल प्राचार्य सुश्री प्रीति कहार द्वारा प्रतिभा शर्मा के कार्यकाल की तारीफ की गई और कहा कि प्रतिभा शर्मा सन 2003 से लेकर सन 2025 तक 22 साल दीवानगंज के माध्यमिक शाला में उपस्थिति रहकर बच्चों शिक्षा दी। आगे कहा गया कि उन्होंने कभी भी स्कूल से छुट्टी नहीं ली वह लगातार स्कूल आती रही। इस अवसर पर दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक द्वारा भी मेडम के कार्यकाल की प्रशंसा की गई।

# आड़े तिरक्षे पड़े बिजली के तारों में दौड़ रहा करंट

◆ *खतरे को दे रहे न्यौता, डीपी बॉक्स भी खुले पड़े, लोगों में करंट फैलने का बना डर*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

क्षेत्र बिजली के तार झूलते नजर आ रहे हैं नगर के विभिन्न हिस्सों में बिजली के पोल से इतने अधिक कनेक्शन और दिल्ली सर्विस लाइनों का भार खंबो को खतरनाक स्थिति तक झुक रहा है। अधिकांश डीपी के साथ लगे बॉक्स नीचे और खुले पड़े रहने से मवेशी खेलने वाले बच्चों की पहुंच में रहने से कभी भी करंट लगने की बड़ी घटना जानलेवा दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है।

विद्युत विभाग द्वारा सीजन में विद्युत लाइन और डीपी का मेंटेनेंस किया जाता है। किनकी रोड नाहर कॉलोनी, दालमिल पुरानी बस्ती कन्या शाला रोड पर एक-



एक बिजली के खंभे से लंबी दूरी तक सर्विस लाइन खींच कर दर्जनों बिजली कनेक्शन का भार लोहे या पुराने सीमेंट के पोल अधिक बजन ना झिलने से झुकने वाले तिरछी होने के साथ सर्विस लाइन अत्यधिक नीचे तक झूल रही है, जिससे तार टूटने या कभी भी खंभे नीचे गिर जाने की संभावना बनी रहती है।

### खंभे की जगह लकड़ी के सहारे डली डोरियां

*नीचे झूलते तार ग्रामीण क्षेत्र में गांव-गांव और खेत खेत बिजली के कनेक्शन देने में लंबी दूरी तक करंट वाली डोरियां फैली रहती हैं। जहां डीपी रखी जाती है और बॉक्स लगाए जाते हैं उनमें भी सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा जाता है। 100 मीटर पर खंभा लगना चाहिए जिसकी अनदेखी कर लकड़ी वाली बास के सहारे डोरी डाली जा रही है। पिछले दिनों उदयपुर के रोसरा ग्राम में डोरी का करंट फैलने से दो लोगों की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई यदि ग्रामीण क्षेत्र में नीचे झूलते तारों का मेंटेनेंस में ऊंचा नहीं किया जाता तो कभी भी जानलेवा हादसे हो सकते हैं। नगर के विभिन्न हिस्सों में आधे तिरछे खंबो का सुधार और डीपी बॉक्स में ढक्कन लगाना जरूरी है तभी सही मायने में मेंटेनेंस होना और मेंटेनेंस के नाम पर प्रतिसीजन भारी भरकम राशि खर्च होने का कोई मतलब निकल पाएगा अन्यथा मेंटेनेंस की मात्र औपचारिकता बनी रहेगी*



## कलेक्टर-एसपी ने देखी कार्यक्रम की तैयारियां

# सीएम यादव आज तामोट में करेंगे उद्योगों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

■ जिले के प्रभारी मंत्री भी रहेंगे मौजूद

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आज शुक्रवार को जिले के औद्योगिक क्षेत्र प्लास्टिक पार्क तामोट में नवीन औद्योगिक इकाईयों का भूमिपूजन तथा आशय पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न होगा। सीएम डॉ यादव द्वारा उद्योगपतियों से उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संवाद भी किया जाएगा।

गुरुवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा तथा एसपी पंकज पाण्डे द्वारा तामोट पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों से जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे, गौहरगंज एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा भी शामिल होंगे।

### मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम...

*सीएम डॉ यादव 8 अगस्त को दोपहर लगभग 12 बजे औबेदुल्लागंज पहुचेंगे। मुख्यमंत्री यहां औद्योगिक इकाई सागर मेन्युफेक्चरर प्रा.लि. का भ्रमण करेंगे और बहनों के रक्षाबंधन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 12.40 बजे तामोट में कार्यक्रम स्थल पर पहुचेंगे। यहां औद्योगिक इकाईयों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत इकाई आनंद टेक प्लास्ट प्राईवेट लिमिटेड प्लास्टिक पार्क तामोट का का भ्रमण करेंगे। दोपहर 2.10 पर मुख्यमंत्री द्वारा तिरंगा यात्रा का फ्लैग ऑफ किया जाएगा। इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान करेंगे।*

## आरंभ प्ले स्कूल में हुई राखी बनाओ प्रतियोगिता




**हरिभूमि न्यूज, रायसेन।** शहर में हर तरफ रक्षाबंधन पर्व की धूम मची हुई है। वहीं शहर के श्रीरामलीला ग्राउंड के सामने आरंभ प्ले स्कूल में भी नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच फैंसी राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता स्कूल प्रबंधक शांभवी चतुर्वेदी की मौजूदगी में की गई। सबसे पहले नन्हे-मुन्ने बच्चों को राखियां बनाने की कला सिखाई गई। बच्चों ने एक से बढ़कर एक राखियां बनाकर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया।

# नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कन्याभोज का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के पीएमश्री शासकीय कन्या शाला में पदस्थ शिव नारायण सक्सेना पीटीआई 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अपनी सेवा निवृत्ति से पूर्व संस्था में अध्ययनरत कक्षा एक से 12वीं तक की समस्त छात्राओं को कन्या भोज कराया।

श्री सक्सेना 1986 से शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं, सन् 1994 से शासकीय कन्या शाला बरेली में सेवा दे रहे हैं। 2004 में पदोन्नत होकर पीटीआई के पद पर कार्यरत हुए। बता दें कि सक्सेना हाकी के बहुत अच्छे खिलाड़ी रहे हैं। इनके नेतृत्व में 1984 में जय भारत हाकी प्रतियोगिता का खिताब जीता था। सक्सेना ने राष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिता ओबेदुल्ला खां भोपाल में यूनियन की ओर से भाग ले कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 1980 से 1990 तक बरेली की सीनियर हाकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कई प्रतियोगिताएं जीतीं। वे नरसिंह अखाड़ा बरेली के संरक्षक भी हैं। इनके मार्गदर्शन में संस्था की छात्राओं ने संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इस अवसर पर प्राचार्य यूएस अहिरवार, संतोष गौतम, कमलेश पाराशर, महेंद्र सराठे, बिंदु अहिरवार, माधुरी सप्रे, आकांक्षा जैन, आरती कपूर, इशरत अली अशोक शर्मा, अजीत सिंह राजपूत रामकुमार ठाकुर, कमलेश लोधी, हेमलता याज्ञिक सहित स्टाफ़ ने बधाई दी है।

**खास बातें**

- लगभग 1000 से अधिक छात्राओं ने की प्रसादी ग्रहण
- शिवनारायण सक्सेना हॉकी के बहुत अच्छे खिलाड़ी रहे



# स्कूली बच्चों की राह हुई आसान, 18 निशुल्क साइकिलों का हुआ वितरण

## सांची जनपद के खोहा हाईस्कूल में हुआ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर/दीवानगंज

ग्राम पंचायत खोहा के अंतर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल में गुरुवार को निशुल्क साईकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खोहा पंचायत के सरपंच और सरपंच संघ के अध्यक्ष कालूराम मीणा ने किया।

साईकिल वितरण में बाहर से पढ़ने आने वाले कक्षा 9वीं तक के छात्र-छात्राओं को 18 साईकिलों का निशुल्क वितरण किया।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत खोहा के अंतर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल खोहा में कई किलोमीटर दूर, बेरखेड़ी चौराहा, हलाली डेम, दहीड़ा, पुरा सहित अन्य जगह से छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए पैदल चलकर स्कूल आते थे। साईकिल मिलने से अब इनकी राह आसान हो गई है और सभी बच्चे नई साइकिल पाकर खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम में ग्राम प्रभारी प्राचार्य निशिता जैन, संस्था के शिक्षक लखन सिंह मीणा सचिव देवीराम मीणा, ग्रामीण लाखन सिंह और जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सत्र 2025-26 की निशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत साइकिल वितरण किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल के अन्य शिक्षक भी बड़ी संख्या में विद्यालय परिसर में उपस्थित रहे।



## रक्षाबंधन : व्यापारी अहमदाबाद, मुंबई व दिल्ली से लाए राखियां

# कलाइयों पर सजेगी रामलला व खाटू श्याम की राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षा बंधन को लेकर नगर के बाजार सज गए है। बीते 3 दिनो से मौसम साफ रहने व धूप निकलने से बाजार ग्राहको से गुलजार देखे जा रहे हैं। व्यापारियो को इस वार सावन पर्व पर बेहतर ग्राहकी की आस हैं । शहर में रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में रौनक नजर आने लगी है। 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा।

रक्षाबंधन का त्योहार आने में अभी 2 दिन बाकी हैं लेकिन राखी का बाजार सज गया है। इस बार इस बार शहर में भगवान श्रीराम, राम दरबार, महाकाल, स्वास्तिक चिह्न, पूजा सेट, डायमंड और नजर बट्टू वाली राखियों की सबसे अधिक मांग है। पारंपरिक राखियों के लिए आजाद मार्केट, बजरंग चौराहा से गांधी चौक सहित अन्य स्थानो पर राखियों की दुकानें सज गई हैं।

इस साल बाजार में चंदन की राखियां विशेष खुशबू बिखेर रही हैं शहर के व्यवसायियों ने चंदन की राखियां मंगवाकर बिक्री शुरू कर दी है। इसके साथ ही नजरबडू की राखियां भी सबसे अधिक डिमांड है।

राखी विक्रेता पवन कुमार, कमलेश सिंह आदि ने बताया कि इस बार मुंबई, अहमदाबाद, राजकोट, दिल्ली और सूरत से अलग अलग तरह की राखियों की खरीदारी की है। स्टोन राखियों की खरीदारी कारोबारियों द्वारा अधिक की जा रही है। राजकोट से स्टोन एवं मैटल, अहमदाबाद से धागा डोरी, कोलकाता से लंबे एवं महिलाओं की राखियां, दिल्ली से मोती वाले धागे व मुंबई से मिश्रित राखियां खरीदी गई हैं।

**राखियां खरीदने बाजार में दिख रही लोगों की भीड़**



दुकानदारों ने बताया कि पहले चलने वाली फूलदार व बड़ी बड़ी चिपकाने वाली राखियों के मुकाबले इस बार पिरोई जाने वाली बिट्स राखियों की मांग है। इसके साथ ही कुंदन, कलकत्ती, कलाबत्ती, तुलसा, केडीबेयर, चूड़ाराखी आदि राखियां भी बाजार में बिक रही हैं। मेटेलन डोरी मशीन कट, 32 नग वाली राखी, ब्रेसलेट स्टोन की राखी, चंदन राखी भी बिक रही है।

राखी विक्रेता दीपेश कुमार सहित अन्य ने बताया अलग अलग डिजाइन और स्टाइल वाली राखियां शहरों से मंगाई जाती हैं। रेशमी राखी मुख्य रूप से मुंबई से बनकर आती हैं, जबकि कोलकाता से जूट की राखियां लाई जाती हैं। वहीं बच्चों के लिए राखियां भी मुंबई से आती है। बच्चों के लिए सुपर हीरो, बालाजी, पंचमुखी हनुमान और कार्टून थीम वाली राखियां ट्रेंड में हैं।

इसके अलावा रक्षा कवच और महाकाल रक्षासूत्र नाम से भी कई राखियां आई हैं जो रेशमी धागे से सजी हैं। बच्चों में पपेट राखी की डिमांड भी है।